उस रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) क्या यात्रियों को रेल डिब्बों की छतों पर यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे बार-बार रेल दुर्घटनाएं होती है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) सवाई माधोपुर-जयपुर मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए हाल ही में एक सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट विचार करने तथा परामर्श देने के लिए योजना आयोग को भेज दी गयी है।

(ख) 23/24 बम्बई-फिरोजपुर जनता एक्सप्रेस को छोड़कर सवाई माधो पुर-जयपुर खण्ड पर पर्याप्त यातायात की कमी तथा मीटर गेज के वातानुकूलित सवारी डिब्बों की कमी के कारण वातानुकूलित सवारी डिब्बो की व्यवस्था नहीं की जाती है।

(ग) अपेक्षित किस्म के सवारी डिब्बो की कमी।

(घ) जी नहीं।

राजस्थान में रेल नेटवर्क का विकास

643. डा. **अब्दार अहमद खान** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के पिछड़े क्षेत्रों में रेल नेटवर्क के विकास के लिए कोई विशेष स्कीम अथवा प्रावधान है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) देश में बड़ी रेल लाइनों तथा मीटर रेल लाइनों की कुल लम्बाई कितनी है तथा इनमे से राजस्थान में बड़ी रेल लाइन और मीटर रेल लाइनों की लम्बाई कितनी है तथा देश में बड़ी रेल लाइनों और मीटर रेल लाइनों की कुल लम्बाई की तुलना में राजस्थान में इनकी लम्बाई अलग-अलग कितने प्रतिशत बैठती है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) राजस्थान में निम्नलिखित नयी लाइन निर्माणाधीन है :—

क्रम सं.	कार्य	लम्बाई (कि.मी. में)	लागत करोड़ रु. में
1.	कोटा-चित्तोड़गढ़-नीमच	222	135
2.	मथुरा-अलवर	120	44.23

(ख) 31-3-1988 को देश में तथा राजस्थान मे रेल मार्ग कि. मी. इस प्रकार है :—

		ब.ला.	मी.ला.	कुल
1.	अखिल भारतीय	33830	23898	57728
2.	राजस्थान	839	4685	5524
3.	(2) का (1) से प्रतिशत	2.5	19.8	9.5

Inadequate Publicity for International Flights from Hyderabad

644. SHRI PRABHAKAR RAO KALVALA : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the publicity being given in respect of International flights from Hyderabad is inadequate;

(b) if so, what steps are being taken by Government for giving more publicity; and

(c) what amount has already been spent for the purpose and the allocated amount for 1988-89?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Rs. 3.20 lakhs has been earmarked by Air India for publicity during the year